# राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)

**(नैक तृतीय चक्र पूर्ण)**

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत**

**ई-संगोष्ठी**

## विषय : घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा

आयोजक विभाग : **Zoology, Botany & Chemistry**

**दिनांक : 22.10.2020**

**समय – 10:00 – 11:00 बजे प्रातः**

डॉ0 पी0के0 वार्ष्णेय
प्राचार्य / संरक्षक

डॉ0 सहदेव, डॉ0 हितेन्द्र कुमार सिंह
संयोजक

## कार्यक्रम विवरण

(दिनांक : 22.10.2020 समय : प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक)

| क0 संख्या | कार्यक्रम विवरण | वक्ता | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम परिचय / संचालन | डॉ0 बेबी तबस्सुम | 10:00 बजे |
| 2 | सरस्वती वंदना | विशाखा आनन्द | 10:05 बजे |
| 3 | स्वागत उद्बोधन | डॉ0 कुसुमलता | 10:10 बजे |
| 4 | रिपोर्ट वाचन | डॉ0 निधि गुप्ता | 10:20 बजे |
| 5 | मुख्य वक्ता | व0 अधिवक्ता गीता अग्रवाल, रामपुर | 10:25 बजे |
| 6 | प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा | डॉ0 विनीता सिंह | 10:45 बजे |
| 7 | बालिका सुरक्षा शपथ | डॉ0 मुजाहिद अली | 10:50 बजे |
| 8 | धन्यवाद ज्ञापन | डॉ0 दीपमाला सिंह | 10:55 बजे |
| 9 | समापन | समूह राष्ट्रगान | |

संकलन, विज्ञापन एवं रिपोर्ट संप्रेषण : डॉ0 प्रतिमा श्रीवास्तवा

Google meet ID
https://meet.google.com/wva-fmuo-pzi

# राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)

**(नैक तृतीय चक्र पूर्ण)**

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत**

**ई-संगोष्ठी**

## विषय : घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा

आयोजक विभाग : **Zoology, Botany & Chemistry**

**दिनांक : 22.10.2020**

**समय – 04:00 – 06:00 बजे सायं**

डॉ0 पी0के0 वार्ष्णेय
प्राचार्य / संरक्षक

डॉ0 सहदेव, डॉ0 हितेन्द्र कुमार सिंह
संयोजक

## कार्यक्रम विवरण

(दिनांक : 22.10.2020 समय : सायं 04 बजे से 06 बजे तक)

| क0 संख्या | कार्यक्रम विवरण | वक्ता | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम परिचय / संचालन | डॉ0 बेबी तबस्सुम | 04:00 बजे |
| 2 | स्वागत गीत | माधुरी रघुवंशी | 04:10 बजे |
| 3 | स्वागत उद्बोधन | डॉ0 एस0एस0 यादव | 04:15 बजे |
| 4 | मुख्य वक्ता | डॉ0 शहला नुसरत किदवई प्राचार्य, रा0 महा0 तिलहर | 04:25 बजे |
| 5 | विशिष्ट वक्ता | डॉ0 बेबी तबस्सुम | 04:45 बजे |
| 6 | मार्शल आर्ट प्रशिक्षण | डॉ0 मुजाहिद अली | 05:00 बजे |
| 7 | बालिका सुरक्षा शपथ | डॉ0 मुजाहिद अली | 05:50 बजे |
| 8 | धन्यवाद ज्ञापन | डॉ0 प्रतिभा श्रीवास्तवा | 05:55 बजे |
| 9 | समापन | समूह राष्ट्रगान | |

संकलन, विज्ञापन एवं रिपोर्ट संप्रेषण : डॉ0 प्रतिमा श्रीवास्तवा

Google meet ID
https://meet.google.com/wva-fmuo-pzi

# GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

**Re-Accerediited 'B' by NAAC**
**Affiliated by M.J.P rohilkhand University, Bareilly**

वेबिनार आख्या
कार्यालय ,राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर ,उ0प्र0
दिनाँक**: 22/10/2020**

आज दिनांक 22 अक्टूबर, 2020 को 'मिशन शक्ति अभियान' के षष्ठम दिवस पर **"घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा"** विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन दो सत्रों में किया गया और उनके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।जंतु विज्ञान,वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के तत्वाधान और डॉ.सहदेव एवं डॉ. हितेंद्र कुमार सिंह के संयोजन में आयोजित इस संगोष्ठी के दोनों सत्रों का परिचय एवं संचालन डॉ.बेबी तबस्सुम द्वारा किया गया। दोनों सत्रों में महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ. पी. के. वार्ष्णेय ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सभी प्राध्यापकों एवं छात्र- छात्राओं को मनोयोग से मिशन शक्ति अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया व अपने आशीर्वचनो से कार्यक्रम को ऊर्जावान बना दिया।प्रथम सत्र (प्रातः 10:00-11:00 बजे)का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्रा विशाखा आनंद द्वारा सरस्वती मां की आराधना के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत उद्बोधन डॉ कुसुम लता द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन के पश्चात डॉ. निधि गुप्ता द्वारा गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता,समाज सुधारक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, रामपुर गीता अग्रवाल जी द्वारा बच्चों के साथ किए गए यौन अपराध से संबंधित 'पास्को एक्ट' के तहत दिए गए उपचारों और महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों पर गंभीर प्रकाश डाला गया। मुख्य शास्ता और 'मिशन शक्ति अभियान' की समन्वयक डॉ. विनीता सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए संगोष्ठी के विषय पर आधारित कविता लेखन और नारा लेखन के परिणाम घोषित किए। तत्पश्चात डॉ.मुजाहिद अली,जिला नोडल अधिकारी,मिशन शक्ति अभियान एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई। प्रथम सत्र में डॉ. दीपमाला सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और समूह राष्ट्रगान के द्वारा इसका समापन हुआ। द्वितीय सत्र (सायं 4:00 से 6:00 बजे)का शुभारंभ डॉ.बेबी तबस्सुम के सफल संचालन और महाविद्यालय की छात्रा माधुरी रघुवंशी के स्वागत गीत के साथ हुआ। इस सत्र में स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी डॉ.एस.एस. यादव जी द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. शहला नुसरत किदवई, प्राचार्य,राजकीय महाविद्यालय,तिलहर ने 'महिला हिंसा एवं घरों में बालिका सुरक्षा' विषय पर अत्यंत ही सार्थक और गंभीर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता डॉ बेबी तब्बसुम ने घरेलू हिंसा के खिलाफ़ कानूनी उपचारों पर गहन प्रकाश डाला।तदोपरांत डॉ वी. के. राय द्वारा घरेलू हिंसा एवं बालिका सुरक्षा पर प्रकाश डालने के साथ योग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात डॉ मुजाहिद अली द्वारा सभी को बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई। द्वितीय सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इस पूरे कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मिशन शक्ति अभियान के छठे दिन 'घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा' विषय पर हुआ वेबिनार




निर्वाण टाइम्स

रामपुर (मुजाहिद खान) : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के छठवें दिन "घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा" विषय पर वेबिनार का आयोजन विज्ञान संकाय, राजकीय रजा पी जी कॉलेज द्वारा किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ0 पी0के0 वार्ष्णेय ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि 21 वी सदी ज्ञान, तकनीक एवं जागरूकता की सदी है, महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न यौन अपराध की रोकथाम में सोशल मीडिया प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

मुख्य अतिथि वक्ता-वरिष्ठ अधिवक्ता गीता अग्रवाल एवं डॉ0 शहला नुसरत किदवई, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, तिलहर द्वारा बालक एवं बालिकाओं के साथ होने वाले यौन अपराध एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम एवं उपचार तथा कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य शास्ता एवं समन्वयक डॉ0 विनीता सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए संगोष्ठी के विषय पर आधारित कविता लेखन और नारा लेखन के परिणाम घोषित किए। वेबिनार के दोनों सत्रों का परिचय एवं संचालन क्रमश डॉ0बेबी तबस्सुम एवं एस एस यादव के द्वारा किया गया। डॉ0 निधि गुप्ता द्वारा गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डॉ0मुजाहिद अली जिला नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति अभियान द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ0 दीपमाला सिंह एवं डॉ0प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन वेबिनार में समस्त प्राध्यापक एवं एन सी सी, रोवर रेंजर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र भी सम्मलित हुए।

Principal
Govt. Raza P.G. College
Rampur (U.P.)